छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 20 सीटों पर 78 प्रतिशत मतदान

चर्चा में क्यों?

7 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी **(Chief Electoral Officer)** रीना बाबा साहेब कंगाले ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 20 विधानसभा सीटों पर कुल 78 फीसदी मतदान हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में बस्तर विधानसभा में सबसे ज्यादा 84.67% और बीजापुर में सबसे कम 48.37% मतदान हुआ है।
- निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार प्रथम चरण में 20 विधानसभा सीटों हुई 78 फीसदी मतदान वर्ष 2018 में इन सीटों पर हुई वोटिंग से 1.53 फीसदी से अधिक है।
- विदित हो कि बस्तर के 12 विधानसभा क्षेत्रों में 126 नए मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां आजादी के बाद पहली बार मतदान हुआ है। इससे पहले अतिसंवेदनशील और नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण मतदान केंद्र नहीं बनाए जाते थे। इनमें से ज्यादातर केंद्रों पर 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है।

विधानसभावार मतदान प्रतिशत

बस्तर - 84.67 प्रतिशत	भानुप्रतापपुर - 81 प्रतिशत
डोगरगांव - 84.1 प्रतिशत	अंतागढ़ - 79.79 प्रतिशत
खैरागढ़ - 82.67 प्रतिशत	मोहला मानपुर - 79.38 प्रतिशत
खुज्जी - 82.43 प्रतिशत	राजनांदगांव - 79.12 प्रतिशत
कोंडागांव - 82.37 प्रतिशत	जगदलपुर - 78.47 प्रतिशत
डोंगरगढ़ - 81.93 प्रतिशत	पंडरिया - 75.27 प्रतिशत
केशकाल - 81.89 प्रतिशत	नारायणपुर - 75.06 प्रतिशत
चित्रकोट - 81.76 प्रतिशत	दंतेवाड़ा - 69.88 प्रतिशत
कवर्धा - 81.24 प्रतिशत	कोंटा - 63.14 प्रतिशत
कांकेर - 81.14 प्रतिशत	बीजापुर - 48.37 प्रतिशत

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/78-percent-voting-on-20-seats-in-the-first-phase-of-chhattisgarh-assembly-elections